एक नजर में

रंगदेवता को समर्पित होगा सानंद नाट्यमहोत्सव

अश्विन पळशीकर | अनिरूद्ध नागपूरकर | कु. श्रेया देशमुख

इन्दौर. इस वर्ष 21वीं सानंद मराठी नाट्यस्पर्धा 3 से 12 अगस्त तक होगी. संस्था के अध्यक्ष जयंत भिसे एवं मानद सचिव संजीव वावीकर ने बताया कि शहर के रंगप्रेमीयों के लिये अगस्त का पहला पखवाड़ा रंगमंच के नाम रहेगा। प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए अश्विन पळशीकर संरक्षक, अनिरुद्ध नागपुरकर संयोजक तथा कु. श्रेया देशमुख को सहसंयोजक मनोनीत किया गया है. मराठी भाषा, संस्कृति और रंगपरंपरा के संवर्धन के उद्देश्य से सानंद न्यास द्वारा आयोजित 21वीं सानंद मराठी नाट्यस्पर्धा का उद्घाटन 3 अगस्त शाम 7 बजे आईआईएसटी के ग्रुप एडवाइजर अरुण एस भटनागर दीप प्रजवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे. आयोजन 3 से 12 अगस्त तक लोकमाता देवी अहिल्या सभागृह, विश्वविद्यालय परिसर, खंडवा रोड में किया जाएगा. दस दिनों तक दस संस्थाएं अपनी श्रेष्ठ नाट्य प्रस्तुतियों के साथ मंच पर उतरेंगी. प्रतियोगिता में दर्शकों के लिए प्रवेश पूरी तरह नि:शुल्क रहेगा. प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रस्तुतियों को सुविख्यात चरित्र अभिनेता अच्युत पोतदार द्वारा प्रायोजित पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे. सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए जाएंगे. प्रतियोगिता के निर्णायक है - सौ. जयश्री तराणेकर, डॉ. सुनीता खरे एवं सौ. मोहिनी केमकर. हर वर्ष की तरह इस बार भी सानंद नाट्यवेध समूह का गठन किया गया है. इस समूह में शामिल प्रेक्षक सभी नाटकों का अवलोकन कर अपना मूल्यांकन देंगे. निर्णायकों के निर्णय से सर्वाधिक मेल खाने वाले दर्शकों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे.

विश्व जागृति मिशन का गुरु पूर्णिमा महोत्सव कल

इंदौर. संत आचार्य सुधांशु महाराज द्वारा स्थापित विश्व जागृति मिशन इंदौर मंडल के तत्वाधान में 2 अगस्त को प्रात: 10 बजे से धार रोड कस्तूर टाकीज के पास स्थित बालकृष्ण बाग में गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया जाएगा. रामद्वारा, उषा नगर में चातुर्मास करने पधारे संत श्री गोपालराम जी महाराज ब्यावर वाले तथा बाल संतश्री गोविंद राम महाराज के द्वारा गुरु की आवश्यकता और गुरु की महिमा पर प्रकाश डालते हुए, गुरु के द्वारा बताए गए मार्गो पर चलने का संदेश दिया जाएगा. गुरु पूर्णिमा की संयोजन में प्रसिद्ध भजन गायक पंडित महेश जी शर्मा के द्वारा भजनों के माध्यम से सदगुरुदेव के प्रति भक्तों के साथ कृतज्ञता ज्ञापित की जाएगी, गुरु भक्तों के द्वारा पादुका पूजन करते हुए साल भर में किए गए सेवा, स्वाध्याय, सिमरन के कार्यों का लेखा-जोखा गुरु के समक्ष प्रस्तुत, और अपनी गलतियों के लिए क्षमा मांगते हुए कृतज्ञता ज्ञापित की जाएगी.

दुर्लभ सर्जरी के बाद फिर चलने लगा बच्चा

इंदौर. बच्चों में रीढ़ की हड्डी का टेढ़ापन अक्सर शुरुआत में सामान्य समस्या समझकर नजरअंदाज कर दिया जाता है, लेकिन समय रहते इलाज न मिलने पर यही परेशानी गंभीर रूप ले सकती है. ऐसी ही एक दुर्लभ और बेहद चुनौतीपूर्ण स्थिति का सफल उपचार शैल्बी हॉस्पिटल के स्पाइन सर्जरी विभाग में किया गया, जहां 130 डिग्री तक टेढ़ी हो चुकी रीढ़ वाले एक बच्चे की करीब 13 घंटे चली कठिन सर्जरी के बाद उसे फिर से चलने लायक बनाया गया. शैल्बी हॉस्पिटल के स्पाइन सर्जन डॉ. प्रणव कुमार ने बताया कि बच्चे को इडियोपैथिक स्कोलियोसिस थी, . आम तौर पर 50 डिग्री से अधिक रीढ़ के टेढ़ेपन को गंभीर श्रेणी में रखा जाता है, जबकि इस बच्चे की रीढ़ लगभग 130 डिग्री तक मुड़ चुकी थी. एक्स-रे और सीटी स्कैन में स्थिति बेहद गंभीर मिली. शुरुआत में सर्जरी का जोखिम काफी अधिक था, इसलिए डॉक्टरों ने पूरी सावधानी के साथ इलाज की योजना बनाई. सर्जरी करीब 13 घंटे चली. कई चरणों में चली इस कठिन प्रक्रिया के बाद डॉक्टर रीढ़ को संतुलित स्थिति में लाने में सफल रहे. सर्जरी के बाद बच्चे की हालत लगातार सुधर रही है. ऑपरेशन के चार दिन बाद ही उसके पैरों में संवेदनाएं लौट आईं और वह पैरों को चलाने लगा है. बच्चों की रीढ़ में दिखाई देने वाले किसी भी तरह के टेढ़ेपन को सामान्य समझकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए. यदि शुरुआती अवस्था में इसकी पहचान हो जाए तो कई मामलों में व्यायाम और नियमित उपचार से स्थिति को बढ़ने से रोका जा सकता है. मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. विवेक जोशी ने कहा हमारा प्रयास प्रत्येक मरीज को समय पर, सुरक्षित और विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधा प्रदान करना है.

रोटरी क्लब ऑफ इंदौर सेंट्रल का शपथ विधि कार्यक्रम आयोजित

इंदौर. रोटरी क्लब ऑफ इंदौर सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट 3040 का शपथ विधि कार्यक्रम महेश्वरम सभागार में संपन्न हुआ. समारोह के मुख्य अतिथि रोटरी क्लब के डिस्ट्रिक्ट गर्वनर संस्कार कोठारी, विशेष अतिथि स्टेट साइबर सेल के डीएसपी सुभाष सिंह, तथा शपथ अधिकारी गजेंद्र नारंग थे. कार्यक्रम में अतिथियों ने वर्ष 2026-27 के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अध्यक्ष चंद्रमोहन विजयवर्गीय और सचिव हर्षवर्धन लिखिते को पिन लगाकर शपथ दिलाई. साथ ही बोर्ड के सभी सदस्यों ने भी शपथ ग्रहण की. अपने संबोधन में संस्कार कोठारी ने कहा कि विश्व में सामाजिक कार्यों में रोटरी क्लब का एक विशिष्ट स्थान हैं। इंदौर सेंट्रल का यह 49 वां शपथ ग्रहण समारोह था आगामी स्वर्ण जयंती वर्ष के साथ ही नया आयाम स्थापित होगा. नये अध्यक्ष चंद्रमोहन विजयवर्गीय ने कहा रोटरी क्लब ऑफ इंदौर सेंट्रल को देश का सर्वश्रेष्ठ क्लब बनायेगे. इस मौके पर क्लब के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र दिल्लीवाल, सचिव पुरुषोत्तम वाघमारे, नितिन डफरिया, शरद मल्होत्रा, सोहन लाल पारेख, डॉ. बी के बाँद्रे सहित विभिन्न क्लबो के पदाधिकारी एवं एवं सदस्य उपस्थित थे. संचालन डॉ. सुधींद्र मोहन शर्मा एवं बेला गुप्ता ने किया. आभार सचिव हर्षवर्धन लिखिते ने माना.

रैनाथॉन आज, दो हजार रनर्स लेंगे हिस्सा

इंदौर. फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एकेडमी ऑफ इन्दौर मैराथनर्स द्वारा रैनाथॉन 10 किमी मॉनसून नाइट रन का 9वाँ संस्करण 1 अगस्त को रात 10 बजे आयोजित किया जाएगा. इस अनूठे नाइट रन में लगभग 2000 रनर्स भाग लेंगे. एकेडमी के अध्यक्ष डॉ अरुण अग्रवाल एवम संयोजक नीरज याग्निक ने बताया कि रन का शुभारंभ पितृ पर्वत स्थित हनुमानजी महाराज के पावन श्रीचरणों से होगा. निर्धारित मार्ग से होते हुए धावक मॉडल स्कूल, गोमतगिरि, धाई द्वीप जिनालय, नया बसेरा, सुमतिधाम कॉलोनी (गोधा एस्टेट), बाहुबली नगर एवं आकाश ग्रीन कॉलोनी से होकर पुन: पितृ पर्वत पहुँचेंगे. आयोजन का प्रमुख आकर्षण भव्य लेजर शो होगा। रन पूर्ण होने के पश्चात सभी प्रतिभागियों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी की गई है. सचिव संदीप खण्डेलवाल ने बताया कि आयोजन की सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं.

दादा कैलाशचन्द्र पंत अमरतत्व का निधन

इंदौर. जिले में महू में 26 अप्रैल 1936 को जन्मे पिता लीलाधर माताश्री हरिप्रिया के यशस्वी पुत्र कैलाशचन्द्र पंत ने एम.ए. हिन्दी, साहित्य रत्न एवं साहित्याचार्य किया. क्रिश्चयन कॉलेज के मेधावी छात्र रहे राष्ट्रभाषा प्रचार प्रसार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े थे. राष्ट्र भावना से ओत प्रोत रहे. हिन्दी भवन और उसमें साहित्यकारों के नाम से बने आवास बनवाकर अनुपम सौगात दी. पंतजी कई समाचार पत्रों में लिखते रहे. महू में स्वाध्याय विद्यापीठ आरम्भ किया था. पंत जी मध्यभारत हिन्दी साहित्य समिति इन्दौर के उपसभापति रहे। इन्दौर से विशेष लगाव रहा. परसरामपुरिया विद्यालय में शिक्षक भी रहे. पंत जी ने हिन्दी के लिए दुनिया के तमाम देशों की सांस्कृतिक यात्राएं की. सबसे प्रेम से मिलना उनका गुण था. 1988 में राष्ट्रभाषा प्रचार म.प्र. के मंत्री संचालक बने और 2026 में अपना उत्तराधिकारी डॉ. विकास दवे को बनाया। ऐसा कर्मवीर हिन्दी प्रेमी 31 जुलाई को इस संसार से विदा हो गया. 2025 में दादा को पद्मश्री से सम्मानित किया गया था.

महू की बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था से जनता त्रस्त, प्रशासन मौन

- क्षतिग्रस्त बैरिकेड्स बने जी का जंजाल
- छावनी परिषद और पुलिस की अनदेखी से आक्रोशित हुए नागरिक

महू. शहर की लगातार बिगड़ती यातायात व्यवस्था को लेकर स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश पनप रहा है. छावनी परिषद और स्थानीय पुलिस प्रशासन की उदासीन कार्यप्रणाली के कारण शहर की सड़कों पर रोजाना घंटों लंबा जाम लगना अब आम बात हो चुकी है। जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी से नाराज नागरिकों ने अब प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

जनता की मांग : तुरंत सुधारे जाएं बैरिकेड्स

शहरवासियों का कहना है कि यदि प्रशासन के पास फिलहाल किसी बड़े बाईपास या स्थाई समाधान की योजना नहीं है, तो कम से कम अस्थाई कदम उठाए जाएं. क्षतिग्रस्त बैरिकेडों को तुरंत दुरुस्त कर नो-एंट्री के नियमों को सख्ती से लागू किया जाए. इससे शहर के आंतरिक ट्रैफिक को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है. नागरिकों ने शासन, पुलिस महकमे और छावनी परिषद से मांग की है कि महू की गरिमा और आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शीघ्र ही ठोस कदम उठाए जाएं, अन्यथा जनता उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होगी.

स्थानीय निवासियों का आरोप है कि शहर की संकरी सड़कों पर भारी संख्या में फोर-व्हीलर, लोडिंग गाड़ियां और ट्रैक्टर बिना किसी रोक-टोक के प्रवेश कर रहे हैं. व्यस्त समय में इन भारी वाहनों की मौजूदगी के कारण पैदल चलने वालों और दोपहिया वाहन चालकों का सड़कों से गुजरना दूभर हो गया है. नागरिकों का कहना है कि मुख्य चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस की सक्रियता न के बराबर है, जिससे वाहन चालक नियमों की जमकर धज्जियां उड़ा रहे हैं.

बरसों पुराने बैरिकेड्स हुए क्षतिग्रस्त: मिली जानकारी के अनुसार, शहर के प्रमुख एंट्री पॉइंट्स जैसे अग्रसेन चौराहा, पुरानी कोतवाली थाना क्षेत्र, कनाट रोड और हीरा तारा बिल्डिंग के पास भारी वाहनों को रोकने के लिए वर्षों पहले बैरिकेड्स लगाए गए थे। रखरखाव के अभाव में ये सभी बैरिकेड्स अब पूरी तरह टूट चुके हैं। इनकी मरम्मत या दोबारा स्थापना न होने का फायदा उठाकर भारी वाहन आसानी से शहर के रिहायशी और व्यापारिक इलाकों में घुस रहे हैं.

सड़क पर हंगामा कर महिला से मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

इंदौर. विजय नगर थाना क्षेत्र में सार्वजनिक स्थान पर हंगामा कर एक महिला के साथ मारपीट करने और बेल्ट से हमला करने का प्रयास करने वाले आरोपी को पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर लिया. सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा और उसके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की.

घटना की सूचना मिलने पर विजय नगर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची. यहां एक व्यक्ति सड़क पर उत्पात मचा रहा था और एक महिला के साथ विवाद करते हुए बेल्ट से हमला करने का प्रयास कर रहा था. पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की. पुलिस ने आरोपी की पहचान महेश चटर्जी के रूप में की है. उसके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश कर आरोपी को जेल भेज दिया.

सख्त कार्रवाई जारी रहेंगी: सार्वजनिक स्थानों पर अशांति फैलाने, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करने या कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ तुरंत और सख्त कार्रवाई जारी रहेगी.

- विजय नगर थाना प्रभारी, चंद्रकांत पटेल

एमडी और डोडाचूरा की तस्करी में दो आरोपी गिरफ्तार, एक कार से 40 किलो से ज्यादा माल बरामद

इंदौर. नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नारकोटिक्स विंग ने दो अलग अलग मामलों में दो तस्करों को गिरफ्तार किया है. कार्रवाई के दौरान एक आरोपी से 36 ग्राम एमडी और 5 किलो डोडाचूरा बरामद हुआ, जबकि दूसरे आरोपी की कार से 40 किलो 820 ग्राम डोडाचूरा मिला.

पहली कार्रवाई 29 जुलाई को की गई. नारकोटिक्स विंग की टीम ने रुणिजा क्षेत्र निवासी विकास पिता देवीशंकर धाकड़ उम्र 22 साल को पकड़ा. तलाशी में उसके पास से 36 ग्राम एमडी ड्रग्स और 5 किलो डोडाचूरा मिला. पुलिस ने उसके पास से एक मोबाइल और बिना नंबर की पल्सर बाइक भी जब्त की है. पूछताछ में विकास ने मादक पदार्थ उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति के रूप में शौभाल सिंह पिता मानसिंह सौधिया राजपूत, निवासी रुणिजा का खेड़ा का नाम बताया. इसके बाद पुलिस ने मामले में उसे भी आरोपी बनाया है और उसकी भूमिका की जांच की जा रही है. वहीं दूसरी कार्रवाई गुरुवार को हुई. नारकोटिक्स विंग ने रोहित पिता लक्ष्मीनारायण पाटीदार उम्र 33 साल, निवासी गौतम नगर दलौदा को पकड़ा. उसके कब्जे वाली फोर्ड ईको स्पोर्ट्स कार की तलाशी लेने पर तीन प्लास्टिक के कट्टों में भरा 40 किलो 820 ग्राम डोडाचूरा मिला. डीआईजी नारकोटिक्स इंदौर, कुमार प्रतीक ने बताया कि नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है. गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर मादक पदार्थ की सप्लाई चेन से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है. जो भी लोग इस नेटवर्क में शामिल पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.

शराब के विवाद में हत्या करने वाला धराया, 400 सीसीटीवी खंगाल पुलिस ने पकड़ा

मोबाइल और सोशल मीडिया से दूर था आरोपी, 30 संदिग्धों से पूछताछ के बाद रायसेन के युवक तक पहुंची पुलिस

नव बारत न्यूज

इंदौर. सेंट्रल कोतवाली थाना क्षेत्र में हुए अंधे कत्ल की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है. सड़क किनारे मिले युवक की हत्या शराब पीने के दौरान हुए विवाद के बाद की गई थी. पुलिस ने 400 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज और फील्ड इंटेलिजेंस की मदद से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है.

सेंट्रल कोतवाली थाना क्षेत्र में पिछले दिनों एक युवक का लहूलुहान शव मिलने के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की थी. मृतक की पहचान उज्जैन निवासी महेश पिता चंद्रशेखर मालवीय के रूप में हुई थी. हत्या की जांच में पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों के अलावा इंदौर, उज्जैन और भोपाल सहित अन्य स्थानों के करीब 400 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले. इसके साथ ही 30 संदिग्धों से पूछताछ कर वारदात से जुड़े सुराग जुटाए गए. जांच में सामने आए तथ्यों और मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस आरोपी तक पहुंची. आरोपी की पहचान आशीष उर्फ चंदू उम्र 30 वर्ष निवासी नादौर, जिला रायसेन के रूप में हुई. जांच में सामने आया कि घटना के दौरान आरोपी और महेश के बीच शराब पीने को लेकर विवाद हुआ था. विवाद बढ़ने पर आरोपी ने पास में पड़ी ईंट से महेश के सिर पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई. आरोपी मोबाइल फोन और सोशल मीडिया का उपयोग नहीं करता था, जिससे उसकी तलाश में परेशानी आई. इसके बावजूद तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस ने उसकी लोकेशन का पता लगाया. 30 जुलाई को आरोपी को इंदौर बायपास क्षेत्र से गिरफ्तार किया. पूछताछ में आरोपी ने वारदात करना स्वीकार किया है. पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड रहा है. उसके खिलाफ मंडीदीप (रायसेन), जीआरपी उज्जैन और बागसेवनिया थाना भोपाल में पहले से प्रकरण दर्ज हैं.

मामले में वैधानिक कार्रवाई की जा रही है...

सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी जांच और मुखबिर सूचना के आधार पर हत्या के आरोपी को गिरफ्तार किया है, मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है. - डीसीपी जोन 3, अभिषेक रंजन

अलग-अलग हादसों में पांच लोगों की मौत, सड़क हादसे से लेकर आग और करंट तक बनी वजह

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर और आसपास के इलाकों में हुए अलग अलग हादसों में एक युवक समेत पांच लोगों की मौत हो गई. कहीं अज्ञात वाहन की टक्कर ने जिंदगी छीन ली तो कहीं आग, करंट और जानवर के हमले के बाद इलाज के दौरान लोगों ने दम तोड़ दिया. पुलिस ने सभी मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

गांधीनगर क्षेत्र में 19 वर्षीय युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई. मृतक की पहचान अंकुश पिता प्रमोदकुमार रजक उम्र 19 साल, निवासी समर्थ प्रीमियम नैनोद, गोम्मटगिरि के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि अंकुश अपने चचेरे भाई को कोचिंग के लिए गांधी नगर छोड़ने गया था. वापस लौटते समय किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी. हादसे में गंभीर चोट लगने के बाद उसकी मौत हो गई. पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन चालक की तलाश कर रही है. वहीं किशनगंज थाना क्षेत्र में ऊंट की लात लगने से घायल हुई 75 वर्षीय महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई. पुलिस के अनुसार आस्तीबाई पति मेहताब, निवासी अशरफ नगर खजराना 21 जुलाई को किशनगंज ब्रिज से उतरकर टोल नाके की ओर जा रही थीं. इसी दौरान नाले के पास से गुजर रहे ऊंट ने उन्हें लात मार दी, जिससे वह गंभीर घायल हो गईं. एमवाय अस्पताल में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई, पुलिस ऊंट मालिक की तलाश कर रही है. आजाद नगर थाना क्षेत्र में 23 वर्षीय विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मृतका पायल पति लखन, निवासी आकाशवाणी कार्यालय के पास, ने घर में यह कदम उठाया. परिजनों और पुलिस को अभी आत्महत्या के कारणों की जानकारी नहीं मिल सकी है, पुलिस मामले की जांच कर रही है. सिरपुर बांक क्षेत्र में करंट लगने से 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई. वहीं भवानी नगर क्षेत्र में जहरीले जीव के काटने से बीमार हुई 75 वर्षीय संजूबाई ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया. इसके अलावा देपालपुर क्षेत्र के ग्राम कुनगारा में घर में लगी आग में झुलसी दो वर्षीय बच्ची की भी एमवाय अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई. दो वर्षीय मृतका सृष्टि पिता अनिल चौहान थी. पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर मामले की जांच शुरू कर दी है.

प्रॉपर्टी कारोबारी की संदिग्ध मौत में महिला से पूछताछ, घटनास्थल का होगा री-क्रिएशन

बाणगंगा मामले में पुलिस जुटा रही साक्ष्य, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज; मौत के कारणों की जांच जारी

नव भारत न्यूज

इंदौर. बाणगंगा थाना क्षेत्र में प्रॉपर्टी कारोबारी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है. घटना के समय मृतक के साथ मौजूद महिला से पूछताछ की जा रही है. पुलिस अब घटनास्थल का री-क्रिएशन कर पूरे घटनाक्रम की कड़ियां जोड़ने की तैयारी में है.

मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है, घटनास्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों और मामले से जुड़े लोगों के बयान दर्ज किए जा चुके हैं. अब पुलिस घटना के समय मौजूद महिला सहिदा फरिया से पूछताछ कर रही है, ताकि उस समय की परिस्थितियों और घटनाक्रम की जानकारी जुटाई जा सके. जांच के दौरान पुलिस घटनास्थल की परिस्थितियों, दोनों के बीच संबंध और सामने आए अन्य साक्ष्यों का परीक्षण कर रही है. पुलिस जल्द ही फॉरेंसिक टीम की मौजूदगी में घटनास्थल का री क्रिएशन करेगी, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि घटना किस परिस्थिति में हुई. मृतक दीपक प्रॉपर्टी का कारोबार करते थे.

> मौत के कारणों का पता लगाने के लिए सभी पहलुओं की जांच की जा रही है, घटनास्थल से जुड़े साक्ष्य और संबंधित लोगों से पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.
>
> **- एडिशनल डीसीपी,** ओमप्रकाश

एमआर-4 बीआरटीएस पर 5.80 लाख की एमडी के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

सुखलिया में घेराबंदी कर दबोचे आरोपी, अब सप्लायर और खरीदारों की तलाश में जुटी क्राइम ब्रांच

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर में एमडी ड्रग्स की सप्लाई करने पहुंचे नीमच और मंदसौर के दो युवकों को क्राइम ब्रांच ने सुखलिया स्थित एमआर 4 बीआरटीएस बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार किया है. दोनों के पास से 58.48 ग्राम एमडी ड्रग्स मिली है, जिसकी कीमत करीब 5.80 लाख रुपए आंकी गई है. शुरुआती पूछताछ में मिले सुरागों के आधार पर पुलिस अब पूरे ड्रग्स नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में जुटी है.

मुखबिर की सूचना पर क्राइम ब्रांच की टीम ने इलाके में घेराबंदी की. इस दौरान एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा, लेकिन कुछ ही दूरी पर उसे पकड़ लिया. तलाशी लेने पर उसके पास से 58.48 ग्राम एमडी मिली. उसकी पहचान शाहिल शाह उम्र 19 साल निवासी अंबेडकर नगर, नीमच के रूप में हुई। पूछताछ में मिली जानकारी के बाद पुलिस ने उसके साथी अल्केफ उम्र 23 साल निवासी दावतखेड़ी, मंदसौर को भी गिरफ्तार कर लिया. जांच में सामने आया कि शाहिल फल की रेहड़ी लगाता है, जबकि अल्केफ हम्माली करता है. पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि दोनों इंदौर में ड्रग्स किसे देने आए थे, माल कहां से लाया गया था और इस नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं. पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक शाहिल के खिलाफ पहले भी नीमच कैंट थाने में गंभीर अपराध दर्ज है, इसी पहलू को भी जांच में शामिल किया है.

जल्द ही अन्य खुलासे होने की संभावना है...

प्रारंभिक पूछताछ में कुछ अहम जानकारियां मिली हैं, अब यह पता लगाया जा रहा है कि मादक पदार्थ कहां से लाया था, इंदौर में इसकी सप्लाई किसे की जानी थी और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोग कौन हैं. जल्द ही इस पूरे गिरोह के संबंध में और खुलासे होने की संभावना है.

डीसीपी क्राइम राजेश त्रिपाठी

हिन्दू जनजागृति समिति का 'गुरुपूर्णिमा समारोह'

इंदौर. आज देश और धर्म पर होने वाले आघात केवल सीमा तक सीमित नहीं रहे हैं, बल्कि वे सीधे हमारी चौखट तक आ पहुंचे हैं. आतंकवाद और घुसपैठ के साथ-साथ 'लव जिहाद', 'लैंड जिहाद', 'वक्फ बोर्ड का अतिक्रमण' और हाल ही में उजागर हुए 'कॉर्पोरेट जिहाद' जैसे विविध आघातों एवं षड्यंत्रों के माध्यम से हिन्दुओं को योजनाबद्ध तरीके से लक्ष्य किया जा रहा है. इसलिए हिन्दुओं को अब केवल मूकदर्शक न बनकर देश-धर्म रक्षण के लिए कृतीशील होना चाहिए.

यह विचार मध्य प्रदेश हिन्दू जनजागति समिति के समन्वयक श्रीराम काणे ने व्यक्त किए. वे इंदौर के मानस भवन में आयोजित गुरुपूर्णिमा में 'हिन्दू राष्ट्र की स्थापना के लिए संघर्ष और साधना की दिशा' विषय पर बोल रहे थे. हिन्दू जनजागृति समिति की ओर से देशभर में 64 स्थानों पर गुरुपूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया. इस महोत्सव के आरंभ में व्यास पूजन और भक्तराज महाराज का प्रतिमापूजन (गुरु पूजन), सच्चिदानंद परब्रह्म डॉ. आठवले जी के संदेश का वाचन, रामराज्य की स्थापना के लिए संकल्प और नामजप, राष्ट्रभक्त और धर्मनिष्ठ मान्यवरों का मार्गदर्शन, स्व-रक्षा की आसान पद्धतियों का लघु चित्रपट तथा 'समिति' के प्रेरणास्थान सच्चिदानंद परब्रह्म डॉ. आठवले जी के कार्य पर आधारित लघु चित्रपट दिखाया गया.

पश्चिमी मप्र प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के चुनाव कल

इंदौर. पश्चिमी मध्यप्रदेश प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के त्रैवार्षिक चुनाव रविवार, 2 अगस्त को महू स्थित एबी रोड के माहेश्वरी विद्यालय में होंगे। चुनाव में टीम उमा महेश के सात प्रत्याशी पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं, जबकि शेष सात पदों के लिए प्रदेश के 16 जिलों के लगभग 300 मतदाता दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक मतदान करेंगे। मतगणना मतदान समाप्त होते ही शुरू होगी.

मुख्य चुनाव अधिकारी चंद्रप्रकाश लड्ढा एवं सहायक चुनाव अधिकारी महेश तोतला ने बताया कि मतदान के लिए मतदाताओं को फोटोयुक्त शासकीय पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा. अध्यक्ष पद पर टीम उमा महेश के अजय झंवर का मुकाबला जय रणजीत पैनल के विजय श्याम शारडा से होगा। सचिव पद पर मधुसूदन भाल्लिका के सामने राम तोतला, कोषाध्यक्ष पद पर दिलीप लोया के सामने पंकज अटल तथा संगठन मंत्री पद पर रुपेश भूतड़ा के मुकाबले विजय लड्ढा चुनाव मैदान में हैं. उपाध्यक्ष पद पर राजेश मूंगड़ और रविकांत परवाल तथा संयुक्त मंत्री पद पर सुरेश हेडा भी टीम उमा महेश के प्रत्याशी हैं. इससे पूर्व टीम उमा महेश के उपाध्यक्ष पद पर दिलीप झंवर (सेंधवा), कैलाश डागा (देवास) और ओमप्रकाश काबरा (नीमच) तथा संयुक्त मंत्री पद पर विष्णु जैथलिया (खंडवा), अजय राठी (अकोदिया मंडी), मनोहर तोषणीवाल (बड़ावदा) और नारायण लड्ढा (धार) निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए जा चुके हैं।

एक नजर में | ज्ञानशिखर ओमशांति भवन में नींद प्रबंधन विषय व्याख्यान

अधिक नींद से बढ़ता है आलस्य और गुस्सा

इंदौर. वर्तमान समय की भागती दौड़ती जिंदगी में मनुष्य के मन की गति इतनी बढ़ गई है कि अत्यधिक सोच के कारण उसे रात को नींद नहीं आती, नींद की गोली लेनी पड़ती है. सन् 1900 से नींद की गोली का युग शुरू हुआ है.

उक्त विचार अमेरिका, टैक्सास से पधारी ब्रह्माकुमारी डॉ. हंसा रावल ने अपने दो दिनी इंदौर प्रवास के दौरान ज्ञानशिखर ओमशांति भवन में नींद प्रबंधन विषय पर कहे. आगे आपने बताया कि इस समय के मॉडर्न मेडिकल साइंस ने इंसान के लिए कम से कम 7 से 8 घंटे की नींद की आवश्यकता बताई है लेकिन वैज्ञानिक रिसर्च में पाया गया है कि जितना अधिक हम सोते हैं हमारे अंदर आलस्य बढ़ता जाता है. क्रोध, लोभ, चिड़चिड़ापन, आदि अनेक विकार बढ़ते हैं. कार्यक्षमता कम होती जाती है. जितने भी सफल व्यक्तित्व हुए हैं, हमारे देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, महात्मा गांधीजी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम, वैज्ञानिक न्यूटन तथा एडिशन एवं ब्रह्माकुमारीज के संस्थापक पिताश्री ब्रह्माबाबा, सभी तीन से चार घंटे की नींद लेते थे. अत: हम भी अपने संकल्पों की गति को कम कर कम समय की नींद में अधिक ऊर्जा प्राप्त कर सकते हैं. इंदौर जोन की क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी ने बताया कि अमेरिकी सेना में करनल के पद पर सुशोभित कैंसर स्पेशलिस्ट डॉ. हंसा रावल को भारत की संस्कृति और राजयोग ने इतना प्रभावित किया कि आप पूर्ण सेवाभाव से 50 वर्षों से अमेरिका में रहकर आध्यात्म और मूल्यों की शिक्षा देने के कार्य में लगी हुई है. कार्यक्रम में उज्जैन की वन संरक्षक श्रीमती किरण बिसेन, संपूर्ण डायग्नोस्टिक सेंटर की डायरेक्टर डॉ. साधना सोडाणी सहित स्थानीय सेवाकेंद्रों की मुख्य ब्रह्माकुमारी बहनें उपस्थित रहें। शक्तिनिकेतन की कुमारियों ने स्वागत नृत्य की प्रस्तुति दी. संचालन ब्रह्माकुमारी उषा बहन ने किया.